# सरिया कॉलेज में विद्यार्थियों को दिलायी गयी नशा मुक्ति की शपथ



**सरिया.** सरिया कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएश) के तत्वावधान में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके तहत स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान को सार्थक करने की शपथ दिलायी गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने नशारूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क करते हुए परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा. उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व अपने आस-पड़ोस और मित्रों को इससे सावधान रहने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिंह ने ने जानकारी दी कि साप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा. इसके अंतर्गत व्याख्यान, शपथ, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गांव में नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आसपास के लोगों को जागरूक किया जायेगा. धन्यवादज्ञापन एनएसएस इकाई-एक के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो असीत दिवाकर ने किया. मौके पर प्रो कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो रविंद्र मिश्रा समेत काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे.

हिन्दुस्तान

# कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति की ली शपथ

**सरिया, प्रतिनिधि।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को सरिया कॉलेज सरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार लाल ने की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक ऐसा जहर है जो युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाता है। इसे रोकने के लिए परिवार, समाज और देश को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों व पड़ोसियों को भी इसके दुष्परिणाम से अवगत कराएं।

कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें व्याख्यान, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे आयोजनों के माध्यम से गांव-गांव में जन जागरुकता फैलाई जाएगी। कार्यक्रम में प्रो. आसित दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर प्रो. कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो. रविंद्र मिश्रा समेत कॉलेज के कई शिक्षक और एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
गिरिडीह भास्कर 14-10-2025

# स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सरिया कॉलेज में ली शपथ

भास्कर न्यूज़ | सरिया

सरिया कॉलेज, सरिया में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार लाल ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने मित्रों व आसपास के लोगों को दुष्प्रभावों से सावधान करने की अपील की।

कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक साप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत व्याख्यान, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के माध्यम से कॉलेज एवं गोद लिए गांवों में लोगों को जागरूक किया जाएगा।



सरिया कॉलेज में नशामुक्ति कार्यक्रम के दौरान छात्राएं व अन्य।

एनएसएस इकाई-एक के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. आसित दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर कॉलेज के शिक्षक प्रो. कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो. रविंद्र मिश्रा समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

हाट, बाजार की सफाई की गई है। लेड है और नदी सेव में भी है।

# सरिया कालेज में सभी को दिलाई गई नशा से मुक्ति की शपथ

संवाद सहयोगी, जागरण● सरिया (गिरिडीह) : सरिया कालेज में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डा. संतोष कुमार लाल ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। परिवार, समाज और देश सभी को मिलकर नशा उन्मूलन की दिशा में कार्य करना होगा।

उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने मित्रों व आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों से सावधान करने की अपील की। कार्यक्रम पदाधिकारी डा आशीष कुमार सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक साप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत व्याख्यान, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के माध्यम से कालेज व गोद लिए गांवों में लोगों को जागरूक किया जाएगा। एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. आसित दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर कालेज के शिक्षक प्रो. कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो. रविंद्र मिश्रा समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।